दिन– मंगलवार दिनांक– 15 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की अठारह दिनों के बाद पृथ्वी पर सकुशल वापसी। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने श्री शुक्ला को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

02. राज्य सरकार ने अगले पांच वर्षों में एक करोड़ नई नौकरी और रोजगार के अवसर सृजित करने का फैसला किया।

03. प्रदेश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान जारी। अबतक छह करोड़ इक्यासी लाख से अधिक मतदाताओं के गणना प्रपत्र जमा किये जा चुके हैं।

04. और, गया, जमुई, किशनगंज, अररिया और कटिहार समेत प्रदेश के कई जिलों में मूसलाधार बारिश। मौसम विभाग ने कल कैमूर और रोहतास जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की अठारह दिनों के बाद आज पृथ्वी पर सकुशल वापसी हुई। उनके साथ तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री वापस लौटे हैं। स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान आज दोपहर अमरीका के कैलिफ़ोर्निया के सैन डिएगो तट से दूर प्रशांत महासागर में उतरा। अब यह दल पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के अनुकूल होने के लिए सात दिन के पुनर्वास कार्यक्रम से गुजरेगा। मिशन की अंतरिक्ष यात्रा पच्चीस जून को शुरू हुई थी। ग्रुप कैप्टन शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा करने वाले पहले भारतीय और उन्नीस सौ चौरासी में अंतरिक्ष में गए विंग कमांडर राकेश शर्मा के बाद दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री हैं। अपने प्रवास के दौरान, शुभांशु शुक्ला ने विशिष्ट सूक्ष्म–गुरुत्वाकर्षण प्रयोग किए। उन्होंने मेथी और मूंग के बीजों को उगाया। साथ ही अंतरिक्ष में हड्डियों की सेहत पर भी उन्होने प्रयोग किया।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा को भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में मील का पत्थर बताया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्रीमती मुर्मु ने कहा कि शुभांशु शुक्ला की यह यात्रा विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में वैश्विक

सहयोग को बढ़ावा देगी। इधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरिक्ष मिशन से शुभांशु शुक्ला की सुरक्षित वापसी की सराहना की है। श्री मोदी ने कहा कि अंतरिक्ष से उनके पृथ्वी पर लौटने का राष्ट्र स्वागत करता हैं। उन्होंने कहा कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की इस यात्रा के दौरान समर्पण और साहस की भावना से लाखों लोग प्रेरित हुए हैं।

———————————————————————

ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की सुरक्षित वापसी पर उनके माता–पिता ने प्रसन्नता जताई है। शुभांशु की मां आशा शुक्ला ने कहा कि उन्हें अपने पुत्र की उपलब्धियों पर गर्व है।

———बाइट———

———————————————————————

राज्य सरकार ने अगले पांच वर्षों में एक करोड़ नई नौकरी और रोजगार के अवसर सृजित करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि इसके लिए विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा। यह समिति रोजगार के नये अवसरों के बारे में राज्य सरकार को सलाह देगी।

———बाइट———

डॉक्टर सिद्धार्थ ने बताया कि राज्य में जारी विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान में प्रतिनियुक्त बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षक को सालाना मानदेय के अलावा छह हजार रूपये दिये जाने के प्रस्ताव को मंत्रिमंडल ने स्वीकृति दी है।

———बाइट———

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि कैबिनेट ने पश्चिमी कोसी नहर के विस्तारीकरण, पुनर्स्थापन और आधुनिकीकरण के लिए आठ हजार छह सौ अठहत्तर करोड़ रूपये की योजना को मंजूरी प्रदान की है।

———बाइट———

डॉ. सिद्धार्थ ने बताया कि कैबिनेट ने बिहार व्यवसायी दुर्घटना मृत्यु अनुदान योजना– दो हजार पच्चीस को स्वीकृति दी है। इसके तहत बिहार मूल्यवर्धित कर अधिनियम और माल तथा सेवा कर अधिनियम के अंतर्गत निबंधित नॉन कॉरपोरेट करदाताओं की दुर्घटना में मृत्यु की स्थिति में उनके आश्रितों को पांच लाख रूपये का

अनुदान दिया जाएगा। इसके अलावा कैबिनेट ने सुल्तानगंज–भागलपुर–सबौर गंगा पथ परियोजना के निर्माण के लिए पांच हजार एक सौ उन्नीस करोड़ रूपये की लागत से एचएएम मॉडल लागू करने की स्वीकृति प्रदान की। एक अन्य फैसले में कैबिनेट ने पटना रेल प्रोजेक्ट के प्रायोरिटी कॉरिडोर के रख–रखाव का जिम्मा दिल्ली मेट्रो को सौंपा है।

———————————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि चुनाव को देखते हुए राज्य सरकार लोक–लुभावन घोषणाएं कर रही है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री यादव ने दावा किया कि आगामी चुनाव में एनडीए की विदाई तय है।

———बाइट———

———————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने राजद पर बिहार को बदनाम करने और गैर जिम्मेदाराना बयान देने का आरोप लगाया है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों ने कांग्रेस–राजद मुक्त बिहार बनाने का संकल्प ले लिया है।

———बाइट———

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज समस्तीपुर के मूसापुर में आयोजित कार्यक्रम से पांच सौ बाईस करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजनाओं की घोषणा मुख्यमंत्री ने अपनी प्रगति यात्रा के दौरान की थी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी मौजूद थे।

———————————————————————————

प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक छह करोड़ इक्यासी लाख से अधिक मतदाताओं के गणना प्रपत्र जमा किये जा चुके हैं। यह कुल मतदाताओं की संख्या का छियासी दशमलव तीन–दो प्रतिशत है। निर्वाचन आयोग

ने कहा है कि अब केवल नौ दशमलव एक–छह प्रतिशत गणना फार्म जमा करना शेष है। आयोग के अनुसार मतदाता सूची के नब्बे दशमलव आठ–चार प्रतिशत से अधिक सत्यापन का काम पूरा किया जा चुका है। गणना फॉर्म जमा करने में दस दिन शेष हैं। इधर, निर्वाचन आयोग ने कहा है कि पुनरीक्षण अभियान में मतदाताओं की सुविधा के लिए राज्य के सभी नगर निकाय क्षेत्र के पांच हजार छह सौ तिरासी वार्ड में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

————————————————————————————

कटिहार के जिलाधिकारी ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान में कोताही बरतने को लेकर बारसोई के प्रखंड विकास पदाधिकारी पर कार्रवाई करने के लिए ग्रामीण विकास विभाग को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि आरोपी बीडीओ ने इस्तीफा देने और अपने वरीय अधिकारी द्वारा प्रताड़ित करने की भ्रामक खबर फैलाकर गुमराह करने की कोशिश की।

————————————————————————————

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर आज दिल्ली में कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी शामिल हुए। बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम और पार्टी के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू समेत बिहार कांग्रेस के कई नेता बैठक में उपस्थित थे। निर्दलीय सांसद पप्पू यादव भी बैठक में शामिल हुए। हमारे संवाददाता ने बताया कि बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के खिलाफ लगातार अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। साथ ही विधानसभा चुनाव से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक के बाद निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने कहा कि कांग्रेस में भी मुख्यमंत्री पद के दावेदारों की कोई कमी नहीं है।

———बाइट———

इधर, भाजपा प्रवक्ता अरविंद सिंह ने कहा कि कांग्रेस पप्पू यादव के जरिए अपना एजेंडा सामने रखवा रही है।

———बाइट———

————————————————————————————

प्रदेश में मानसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी है। आज कैमूर, रोहतास, बक्सर, औरंगाबाद, शेखपुरा, गया, नवादा, जमुई, किशनगंज, अररिया, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, और कटिहार जिले में कुछ स्थानों पर मूसलाधार बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि कल कैमूर और रोहतास जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में भी तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान है।

———बाइट———

————————————————————————————

राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने जमीन की दाखिल–खारिज प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए इंटीग्रेटेड लैंड रिकार्ड मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल की शुरूआत की है। विभागीय मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि इस कदम से दाखिल–खारिज की प्रक्रिया आसान होगी और इसमें पारदर्शिता आयेगी।

————————————————————————————

आज मौना पंचमी यानि नागपंचमी है। आज के दिन अपने परिवार की मंगल कामना के लिए लोग विषहरि की पूजा अर्चना करते हैं। इधर, मिथिलांचल के प्रसिद्ध त्योहार मधुश्रावणी की भी आज से शुरुआत हो गई है। इस त्योहार में नवविवाहिता अपने पति के दीर्घायु होने की कामना को लेकर महादेव, माता पार्वती, नाग–नागिन और मैना–विषहरी की पूजा–अर्चना करती हैं।

————————————————————————————

गयाजी के मगध मेडिकल थाना क्षेत्र के कोसडिहरा गांव में एक आहर में नहाने के दौरान डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हादसे पर गहरा दुख जताते हुए मृतक बच्चों के परिजनों को चार–चार लाख रूपये अनुग्रह राशि देने का निर्देश दिया है। इधर, कैमूर जिले के मोहनिया प्रखंड के सकरौली गांव में तालाब में नहाने के दौरान तीन बच्चियों की डूबने से मौत हो गयी।

————————————————————————————

शेखपुरा की एक अदालत ने हत्या के प्रयास के मामले में पांच दोषियों को दस–दस वर्ष कारावास और आठ–आठ हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

————————————————————————————

बेगूसराय जिले के बरौनी रिफाईनरी थाना क्षेत्र अंतर्गत हरपुर चौक के पास पुलिस ने एक ट्रक से चार हजार लीटर से अधिक शराब के साथ एक तस्कर को

गिरफ्तार किया है। इधर, जिले के लोहियानगर थाना क्षेत्र में कल हुई गोलीबारी और हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

पटना में पिछले दिनों अधिवक्ता जितेन्द्र कुमार की हुई हत्या के मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की अठारह दिनों के बाद पृथ्वी पर सकुशल वापसी। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने श्री शुक्ला को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

02. राज्य सरकार ने अगले पांच वर्षों में एक करोड़ नई नौकरी और रोजगार के अवसर सृजित करने का फैसला किया।

03. प्रदेश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान जारी। अबतक छह करोड़ इक्यासी लाख से अधिक मतदाताओं के गणना प्रपत्र जमा किये जा चुके हैं।

04. और, गया, जमुई, किशनगंज, अररिया और कटिहार समेत प्रदेश के कई जिलों में मूसलाधार बारिश। मौसम विभाग ने कल कैमूर और रोहतास जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।